# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण प्रतिपदा द्वितीय
विक्रम संवत-2082




# बासुबरल ने आरएन टैगोर की टीम को नौ विकेट से हराया

## बासुबरल के कप्तान शिवप्रताप को मिला मैन ऑफ द मैच का खिताब

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के पांचवें दिन रविवार को बासुबरल सरस्वती विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने आरएन टैगोर इंटर कॉलेज को नौ विकेट से पराजित किया।

टॉस जीतकर आरएन टैगोर इंटर कॉलेज के कप्तान अभिषेक सक्सेना ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले ही ओवर में आरएन टैगोर के कप्तान अभिषेक सक्सेना बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते गए और पूरी टीम 18 ओवर में 87 रन ही बना सकी। आशू सक्सेना ने 30 गेंदो में नाबाद 25 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासुबरल की टीम ने शुरू से ही अक्रामक तेवर दिखाए। टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 9.4 ओवरों में 89 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान शिव प्रताप ने 32 गेंदों पर 56 रन बनाए। उन्होंने दो विकेट भी लिए। इसको लेकर उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। संवाद



शिव प्रताप को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। स्रोत : एसआरएमएस